हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

मारपीट के आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के आदेश 12



विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई 12



**खबर संक्षेप**

### सब तहसील कार्यालय से बैटरियां चोरी

**यमुनानगर।** गांव सलेमपुर निवासी मनीत शर्मा ने बताया कि वह सब तहसील कार्यालय साढौरा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी करता है। पांच जनवरी को वह कार्यालय बंद करके घर चला गया था। सुबह नायब तहसीलदार के रीडर का फोन आया कि तहसील कार्यालय का दरवाजा टूटा पड़ा है।जांच करने पर तहसील कार्यालय से 16 बैंटरियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### इंद्र इंटरप्राइजिज फैक्टरी से लाखों के तार चोरी

**यमुनानगर।** जय सिटी जगाधरी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसकी बाढ़ी माजरा गधौली का माजरा में इंद्र इंटरप्राइजिज के नाम से फैक्टरी है। सात जनवरी की रात को चोरों ने उसके फैक्टरी से बायलर, पैनल, फिल्म फेस ड्रायर, केटल की तारें चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपये है।

### नागरिकों को मिल रहा लाभ

**नारायणगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव मुन्नामाजरा तथा बाकरपुर में किया गया। इस अवसर निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** हरिद्वार हाईवे पर कार की टक्कर लगने से 19 वर्षीय मोहित निवासी गांव अबदान नगर हुलानी जिला शामली, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। मोहित के पिता जसबीर की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द पुलिस ने अज्ञात कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

# फौज से रिटायर कैप्टन मेवा सिंह ने पेश की जज्बे की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

■ गांव को बनाया सबसे स्वच्छ, शहर की तर्ज पर गांव में है सीवरेज सिस्टम

कहते हैं कि जब इंसान ठान ले तो सब कुछ कर सकता है। ऐसी ही एक जज्बे और हौसले की मिसाल पेश की है कुरुक्षेत्र के डेरा कुंदनपुर लुखी के निवासी कैप्टन मेवा सिंह ने जिन्होंने अपनी मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए गांव का पूरा हुलिया बदल दिया। एक और जहां ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर देखना पड़ता है, लेकिन इन्होंने अपने दम पर गांव को न केवल सबसे साफ सुथरा बनाया बल्कि शहर की तर्ज पर सीवरेज व्यवस्था का निर्माण करके लोगों को बीमारियों की चिंता से भी मुक्त करने का काम किया है।

कैप्टन मेवा सिंह के द्वारा किए गए इन कार्यों की गूंज जब स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र तक पहुंची तो उन्हें भी यह गांव देखने की इच्छा जागृत हुई और मुख्यमंत्री का स्वच्छता संदेश लेकर वह मंगलवार को कैप्टन मेवा सिंह के डेरा कुंदनपुर लुखी में पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले स्थानीय गुरुघर में शीश नवाया। उसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा प्रांगण में ग्रामीणों के साथ गांव पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी अशोक मुंजाल व सरपंच प्रतिनिधि जसविंदर सिंह भी मौजूद रहे।

गांव का निरीक्षण करने के दौरान सुभाष चंद्र ने पाया कि गांव में कहीं भी गंदगी का नामोनिशान नहीं था और गांव की तरह नालियां भी यहां नजर नहीं आई। पूरे गांव में सीवरेज सिस्टम को देखकर वे गांव की तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के सभी लोग ठान लें तो वह भी अपने गांव को शहर जैसा विकसित बना सकते हैं। जरूरत है केवल आगे बढकर एक कदम उठाने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया तो उस समय किसी को यह पता नहीं था कि यह अभियान एक दिन जन आंदोलन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक आमजन का मिशन है इसे गैर सरकारी बनाना ही हमारा मकसद है। कैप्टन मेवा सिंह ने जो कार्य किया है वह औरों के लिए एक उदाहरण है।



**कुरुक्षेत्र।** गांव का निरीक्षण करते स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र। फोटो : हरिभूमि

### गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का सपना

वहीं कैप्टन मेवा सिंह ने बताया कि वे जब गांव में थे तो गंदगी और खुली नालियां देखकर उनका मन करता था कि यहां भी शहर की तरह स्वच्छता और सीवरेज व्यवस्था हो। उन्होंने ठान लिया की वह इसको हरियाणा का एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव बनाएंगे। बस फिर क्या था उन्होंने गांव के लोगों के साथ मिलकर गांव की तस्वीर को बदलने का काम शुरू कर दिया। बिना किसी सरकारी मदद के उन्होंने गांव में विकास के साथ-साथ लोगों की सोच को भी बदला। आज उनके मेहनत और जज्बे की बदौलत यह गांव कुरुक्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रदेश के एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव के रूप में चमक रहा है। उन्होंने कहा कि अब उनका सपना गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का है जहां बच्चे आईएएस और आईपीएस की तैयारी कर सकें। सीईओ जिला परिषद अशोक मुंजाल ने कैप्टन मेवा सिंह के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा की गांव में जो भी विकास कार्य बाकी है उन्हें पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने यहां पर लाइब्रेरी और स्ट्रीट लाइट के लिए भी प्रस्ताव मांगा है।

### पहले की देश सेवा अब समाज सेवा

डेरा कुंदनपुर लुखी गांव के हर घर से एक फौजी है। कैप्टन मेवा सिंह खुद भी सेना से रिटायर है और अब उनका सपना अपने गांव को शहर की तर्ज पर विकसित करने का है। इसी सपने को लेकर उन्होंने करीब 10 साल पूर्व गांव में सुधार कार्य शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने गांव के लोगों को इक_I कर उन्हें स्वच्छता का महत्व बताया और फिर सबको साथ लेकर इस को एक मॉडल विलेज बना डाला। इस डेरे में करीब सवा सौ घर है। यही नहीं कैप्टन मेवा सिंह ने अपनी जमीन देकर गांव में गुरुद्वारा, तालाब, कचरा घर और शमशान भूमि का निर्माण भी कराया है। अब गांव के अधिकतर बच्चे विदेश में सेटल हैं। विदेश से भी गांव के बच्चे आर्थिक मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। यही कारण है कि कम जमीन और ना के बराबर बजट होते भी ये गांव प्रदेश में एक मिसाल बन गया है।

# सफाई को लेकर नगर निगम ने अदालत में जमा की रिपोर्ट

## जांच में शिकायत नंबर नौ डिजिट के निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

■ निगम की हरकत पर अदालत नाराज, अब 12 को करना होगा जवाब दाखिल, सफाई को लेकर मुसीबत में फंसे हैं अधिकारी

शहर की सफाई का मुद्दा नगर निगम के अफसरों के गले की फांस बन गया है। इस मामले में बीते रोज निगम की ओर से अदालत में जवाब दायर किया। मगर निगम की ओर से फिर ऐसी हरकत हो गई जिससे अदालत भी नाराज दिखी। निगम ने कोर्ट में जो जवाब दाखिल किया है उसमें कूड़े की शिकायत को लेकर दिए गए मोबाइल नंबर ही गलत पाए गए। दो मोबाइल नंबर दिए गए थे लेकिन दोनों मोबाइल नंबर 9 डिजिट के हैं। ये मोबाइल नंबर 899985446 व 899985447 बताए गए हैं। रिपोर्ट में ये नंबर जानबूझकर तो नहीं दिए गए इस पर अब 12 जनवरी को सुनवाई होगी।

### रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश

नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कूड़े की शिकायत के संबंध में 9 फरवरी 2023 को शिकायत सेल स्थापित की गई थी। कूड़े की शिकायत के लिए लैंड लाइन, मोबाइल नंबर और ईमेल सार्वजनिक किए हुए हैं। ये भी बताया था कि एजेंसी पर कूड़े की शिकायतों के निपटान न करने की एवज में 7 लाख 20 हजार का जुर्माना भी किया है। निगम के इस जवाब को देखते हुए कोर्ट ने अटैच किए वाहनों को अगले आदेशों तक रिलीज कर दिया था।अब कोर्ट ने निगम से एजेंसी के साथ किए 19 दिसंबर 2022 के अनुबंध के तहत बिंदु 6,8,11 व 12 के अनुपालन के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। इसमें एजेंसी के डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया, कूड़े के सेग्रीगेशन, ट्रांसपोर्टेशन एवं डिस्पोजल के साथ मैन पॉवर, रिसोंस एवं टेक्नोलॉजी और मशीनों की स्थिति आदि के बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है।

# कड़ाके की ठंड से छुटी लोगों की कंपकंपी


## बर्फीली शीतलहर के चलने से जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पिछले दस दिन से जिले में दिन भर बर्फीली हवाओं के चलने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने के साथ दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान हो उठे हैं। कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों की कंपकपी छुटा रखी है, वहीं, फसलें भी कोहरे से प्रभावित होने लगी हैं। आलम यह है कि दिन भर लोग अलाव जलाने और गर्म कपड़ों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। वहीं, फसलों कोहरे से बचाने के लिए किसान उनमें सिंचाई और दवाइयों का स्प्रे करने लगे हैं।

### दस दिन से नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने की वजह से पिछले दस दिन से जिले में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। मंगलवार को लोगों को उम्मीद थी कि सूर्यदेव के दर्शन होंगे और ठंड के कहर से कुछ राहत मिलेगी। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने के साथ बर्फीली हवाएं चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। सब्जी उत्पादक किसान कृष्ण व मंशा राम का कहना है कि आलू की फसल के पत्ते पाला पड़ने से झूलसने लगे हैं। जिससे फसल की पैदावार कम होने के आसार बन गए हैं।



**यमुनानगर।** घना कोहरा पड़ने से प्रभावित हुई आलु की फसल। फोटो : हरिभूमि

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें।

### लोग घरों में दुबकने पर मजबूर

■ धुंध के कारण यातायात हुई प्रभवित

**कुरुक्षेत्र।** पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठंड लोगों को जमकर परेशान कर रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को ठंड के साथ धुंध भी रही। इस का सीधा असर यातायात पर देखने को मिला। तेज रफ्तार में दौड़ने वाले वाहन रेंगते हुए नजर आए। सुबह के समय भी वाहन चालक हेड लाइट जलाकर चलते नजर आए। लेकिन धुंध का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा था। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में धुंध का प्रभाव अधिक देखने को मिला। धुंध ने लोगों को जमकर परेशान किया। विशेषज्ञों के अनुसार रबी की फसल को बढ़ने के लिए धुंध व ठंड की आवश्यकता होती है। फिलहाल का मौसम फसलों के अनुकूल है। जिससे कि किसानों के भी चेहरे खिले हुए हैं। ठंड में स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की जरूरत है। नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने ठंडे पेय पदार्थ का सेवन ना करने, हल्का गर्म पानी पीने, पूरी शरीर को कपड़ों से ढकने जैसी सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 10 दिन से कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा भी पड़ रहा है। सूर्य भी नहीं दिखाई दे रहा है। आकाश में दिनभर बादलवाई बनी रहती है। पूर्व से चली ठंडी हवा से से जनजीवन पर काफी असर पड़ा। लोग घरों में दुबकने पर मजबूर रहे।



# पानीपत: बबैल में नवदंपती की संदिग्ध हालत में मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल में नवविवाहित 24 वर्षीय गुरमीत व इसकी 22 वर्षीय पत्नी तन्नू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों सोमवार की रात को अपने कमरे में सोए थे। मंगलवार की सुबह दोनों कमरे में मृत मिले। वहीं परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही गांव की शमशान भूमि में गुरमीत व तन्नू की अंत्येष्टि की दी। पुलिस की जांच में पता चला कि गत वर्ष 21 नवंबर को गुरमीत निवासी गांव बबैल का विवाह तन्नू निवासी गांव रामनगर जिला पानीपत के साथ हुआ था। परिजनों व मायके वालों का दावा है कि दोनों का दांपत्य जीवन पूरी तरह से सुखी था। वहीं गुरमीत के पिता कृष्ण का निधन हो गया था और सोमवार को उनकी तेहरवीं थी। रिश्तेदारों के जाने के बाद गुरमीत व उसकी पत्नी तन्नू अपने कमरे में सोने चले गए, जबकि अन्य परिजन भी सो गए। मंगलवार की सुबह जब गुरमीत व तन्नू कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरबाजा खटखटाया, लेकिन अंदर कोई हलचल नहीं थी, अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने दरबाजा तोड दिया, बैड पर गुरमीत व तन्नू मृत हालत में पडे मिले। इधर, गांव के सरपंच विक्की का दावा है कि सर्दी अधिक होने के चलते गुरमीत व तन्नू ने अपने कमरे में अंगीठी जला रखी थी और कमरे में हवा की क्रासिंग नहीं होने के चलते दोनों की दम घुटने से मौत हो गई।

# यूपी में चल रहे भ्रूणलिंग जांच के खेल का पर्दाफाश

■ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलाल पकडा, दलाल ने भ्रूण की जांच कराना स्वीकारा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी में अवैध तरीके से चल रहे भ्रूण लिंग जांच के खेल का पर्दाफाशकिया है। टीम ने पानीपत के राणा माजरा निवासी दलाल को ट्रैप लगाकर पकड़ा है। उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जब्त की गई। वहीं, सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि पानीपत जिला और इसके आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच किया एवं करवाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए यूपी में ले जाया जाता है। इससे पानीपत का लिंगानुपात प्रभावित हो रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर भ्रूण लिंग जांच के लिए सूचना देने वाले के माध्यम से दलाल अमजद निवासी राणा माजरा से 20 हजार में सौदा तय हुआ। पांच जनवरी को टीम का गठन किया गया। इसके बाद 12 सप्ताह की एक गर्भवती महिला से टीम ने संपर्क किया। उसकी सहमति पर 8 जनवरी को सूचना देने वाले माध्यम से अमजद से संपर्क किया गया। अमजद, गर्भवती महिला को अपनी गाड़ी में बैठा कर यूपी के मुजफ्फरनगर ले गया। टीम ने उसका यहां तक पीछा किया। लेकिन यहां जाम में गाड़ी फंसने की वजह अमजद की गाड़ी टीम की आंखों से ओझल हो गई। महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। काफी इंतजार के बाद पता लगा कि लिंग जांच करवाने के बाद वे वापस पानीपत की ओर रवाना हो चुके हैं। टीम ने सनौली नाका पर आपसी तालमेल के जरिए अमजद की गाड़ी को रूकवाया। जहां से टीम ने अमजद के कब्जे से वशिष्ठ अस्पताल मुजफ्फरनगर की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट ली। दलाल अमजद को भ्रूण लिंग जांच के बारे में पूछा गया तो उसने स्वीकार किया कि उसने खुद महिला को उसके गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग लड़की बताया है। वहीं पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को सुनाई कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशु कुमार जैन की अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को रवि कुमार पुत्र पाला राम वासी गुढा हॉल वासी इंद्रा कॉलोनी थानेसर कुरुक्षेत्र को 1 वर्ष कारावास व 5 हजार रुपये जूमार्ने की सजा सुनाई। उप जिला न्यायवादी प्रदीप मलिक ने बताया कि दिनांक 29 मई 2018 को अपराध अन्वेषण शाखा -2 के उप निरीक्षक गुलाब सिंह, हवलदार जयपाल,अरविन्द कुमार, सिपाही मनोज कुमार की टीम अपराध तलाश में कंडा चौंक कुरुक्षेत्र पर मौजूद थी। पुलिस टीम को एक नोजवान लड़का रेलवे रोड की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने शक के आधार पर काबू किया। युवक की पहचान रवि कुमार पुत्र पाला राम वासी गुढा हॉल वासी इंद्रा कॉलोनी थानेसर कुरुक्षेत्र के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर आरोपी रवि कुमार से 1 किलो 600 गांजा बरामद हुआ। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आशु कुमार जैन की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की सूरत में 01 महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

**व्हाट्सएप नंबर जारी कर बेसहारा पशुओं का फोटो व लोकेशन भेजने के लिए लोगों से की अपील**

# शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए हरकत में आया नगर निगम

सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के कारण हर दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर में घुम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम हरकत में आया है। नगर निगम अधिकारियों ने व्हाट्सएप नंबर जारी कर लोगों को बेसहारा पशुओं को फोटो व लोकेशन भेजने कि अपील की है। शहर में घुम रहे आवारा पशुओं के कारण हर दिन हादसे हो रहे है। शहरवासी निगम अधिकारियों से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कईं बार अपील कर चुके हैं।

मंगलवार को नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों को निर्देश दिए कि निगम द्वारा पकड़कर गोशालाओं में छोड़े जा रहे बेसहारा पशुओं की देखरेख सही तरीके से हो। उन्होंने दोनों सीएसआई व पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के साथ टैग लगाना सुनिश्चित करें। ताकि उनकी अलग पहचान हो और गोशाला प्रबंधन उन्हें दोबारा न छोड़ सके।

सिन्हा ने कहा कि शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जा रहा है। चारे के लिए नगर निगम द्वारा गोशाला संचालकों को प्रतिदिन 30 रुपये प्रति पशु के हिसाब से खर्च दिया जाता है। ताकि गोशाला में इन पशुओं के लिए चारे की समस्या न हो। यह कार्य कर नगर निगम बेसहारा पशुओं को सहारा देने का काम कर रहा है। बीते दो माह में नगर निगम द्वारा काफी संख्या में शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाया है। जब तक शहर बेसहारा पशुओं से मुक्त नहीं हो जाता, यह अभियान जारी रहेगा। शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने के लिए शहरवासी भी सहयोग करें। नगर निगम क्षेत्र में यदि किसी को कोई बेसहारा पशु घूमता दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर लोकेशन या पते के साथ नगर निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे।



यमुनानगर के निगम कार्यालय में गोशाला प्रबंधकों व अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

### दुधारू पशु खुले में छोड़ा तो होगा 5100 रुपये जुर्माना

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते है। इनमें दुधारू पशु भी होते है। अब यदि किसी ने भी अपने पशुओं को खुले में छोड़ा तो उसपर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी ने अपने पशु को शहर में खुले में छोड़ा और उस पशु को नगर निगम द्वारा पकड़कर गोशाला में पहुंचा दिया तो उसे छुड़ाने के लिए 5100 रुपये जुर्माना। इसके अलावा जितने दिन वह पशु गोशाला में रहेगा। प्रतिदिन 300 रुपये के हिसाब से पशु मालिक को देना पड़ेगा। निगमायुक्त ने आमजन से अपील की कि वह अपने पशुओं को खुले में न छोड़े। इसके साथ उन्होंने निगम द्वारा पकड़े जा रहे पशुओं को भी टैग लगाने के पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पटवारियों की हड़ताल बनी मुसीबत

## 300 से ज्यादा इंतकालों का लगा अंबार, कई तरह के काम पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

■ हड़ताल की वजह से रोज लोगों को तहसीलों में खाने पड़ रहे हैं धक्के

■ सरकार को राजस्व की हानि हो रही

■ पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। लोगों को इंतकाल की नकल, बैंक लोन के लिए 15 साल का रिकॉर्ड न मिलने और जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर न होने से रजिस्ट्री तक नहीं हो पा रही। हड़ताल के कारण रजिस्ट्रियां होने की दर एक तिहाई रह गई है। इसके कारण सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। 1 फरवरी से गिरदावरी भी शुरू होनी है। अगर हड़ताल जारी रही तो गिरदावरी भी बाधित हो सकती है। जिससे किसानों को फसल बेचने में भी परेशानी होगी। किसान राजपाल और मदन लाल ने बताया कि वह प्लास्टिक की तिरपाल लगाकर सब्जी की खेती करते हैं। फसल का पंजीकरण करवाया हुआ है। अब कृषि विभाग से सब्सिडी लेने के लिए पटवारी से वेरिफिकेशन करानी है। पटवारी रिपोर्ट देगा तो सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि वह हर रोज इस उम्मीद पर तहसील कार्यालय आते हैं कि शायद पटवारी मिल जाए लेकिन कमरे पर ताला लटका है।

पटवारियों व कानूनगो की खाली कुर्सी से काम ठप जमाबंदी पर हस्ताक्षर न होने से नहीं हो रही रजिस्ट्री 70 साल के बुजुर्ग बलबीर सिंह ने डेरा मौजा में 7 मरले जमीन पंचकूला के विक्रम सिंह को बेची हुई है। बुजुर्ग ने पैसे भी वसूल कर लिए। रजिस्ट्री लिखी जा चुकी है, लेकिन जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर नहीं हुए। इसके कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। पटवारियों के हड़ताल पर जाने की वजह से बहुत से सरकारी काम रुके हुए हैं। पटवारियों व कानूनगो की कुर्सी खाली होने से जिले में करीब 300 इंतकाल पेंडिंग पड़े हैं। रिहायशी प्रमाण पत्र के लिए हर रोज जिले के पटवारियों के पास करीब लोग पहुंचते रहे। लोन अपडेट के लिए करीब लोग धक्के खा रहे हैं। फर्द की कॉपी निकलवाने के लिए अब लोग मुसीबत में हैं। पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान हैं। तहसील में सीमांकन, नामांतरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा, नामांतरण, जमाबंदी सत्यापित, नकल सत्यापित, इंतकाल, गिरदावरी, फील्ड बुक, मौका तस्दीक, रिकॉर्ड में लोन चढ़ाने और उतारने का कार्य पटवारी कराते हैं।

## खबर संक्षेप

### दुकान में घुसकर दुकानदार को पीटा

**यमुनानगर।** गांव कोतरखाना में दो युवकों ने दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट की। गांव कोतरखाना निवासी दविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही दुकान है। सात जनवरी को रात आठ बजे वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान सुभम व रोहित उसकी दुकान पर आए। इस दौरान उसकी आरोपियों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जब उसने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारन्ेरकी धमकी देकर फरार हो गए।

### अनधिकृत निर्माण को किया ध्वस्त



**रादौर।** जिला नगर योजनाकार डीआर पचीसिया ने बताया कि उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार अवैध कालोनियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मौज मंडौली तहसील जगाधरी में चार अनाधिकृत दुकानों के आकार में अनाधिकृत निर्माण किया गया था जिसको ध्वस्त कर दिया गया। पचीसिया ने बताया कि एचएसएएमबी के एसडीई अंकित शर्मा को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया और एसएचओ सदर यमुनानगर द्वारा पुलिस बल प्रदान किया गया। मौके पर एफआई अनिल कुमार, जेई राज सिंह भी उपस्थित थे। डीटीपी ने जिले की जनता से अपील की है कि वह ऐसी अनाधिकृत कॉलोनी में अपनी कमाई का निवेश न करें।

### सूने घर से नकदी समेत लाखों के गहने चोरी

**यमुनानगर।** शहर की राजधानी कॉलोनी में चोरों ने घर से 23 हजार की नकदी समेत लाखों के गहने चोरी कर लिए। राजधानी कॉलोनी निवासी हरबंस सिंह बाली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात जनवरी को रात आठ बजे वह अपने परिवार सहित अंबाला गया था। अगले दिन उसके भाई प्रीतम सिंह का फोन आया कि घर का पिछला दरवाजा खुला पड़ा है जांच करने पर वहां से आठ हजार रुपये, दो सोने की अंगूठियां, दो कानों के टोपस व अन्य गहने और बच्चों के गुल्लक से करीब 15 हजार रुपये व अन्य सामान गायब था।

### समालखा में नालों की सफाई करवाई

**समालखा।** समालखा में जौरासी रोड व गीता स्कूल वाली गली में खड़े गंदे पानी के कारण आवाजाही में हो रही परेशानी के बारे में लोगों से सूचना मिलने के बाद समाजसेवी शशिकांत कौशिक ने तुरंत जेसीबी भिजवाकर नालों की सफाई करवाई। पिछले कई वर्षों से नपा सीमा से बाहर होने का दंश झेल रहे कालोनी वासियों ने इससे राहत की सांस ली है।

### एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल ने बाइक चोर को दबोचा

# वाहन चोर से पुलिस ने बरामद की चोरी की हुई दस मोटरसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार उसके चोरी की दस मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपी ने अभी तक 25 मोटरसाइकिलें चोरी करने की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के प्रभारी सुखविंदर सिंह राणा को सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर उसे कलानौर मार्ग से होता हुआ यूपी की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने उप निरीक्षक राजेश के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच के लिए भेजी। जांच टीम ने कलानौर बार्डर के नजदीक नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरु कर दी। कुछ देर के बाद पुलिस को सामने से मोटरसाइकिल आता हुआ एक युवक दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रोककर मोटरसाइकिल की जांच के लिए उसके दस्तावेज मांगे। दस्तावेज दिखाने में युवक आनाकानी करने लगा। बाद में पुलिस ने थोड़ी सख्ती दिखाई तो उसने मोटरसाइकिल को चोरी की बताया। पुलिस ने आरोपी तो तुरंत गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल कब्जे में ले ली।

पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव हुसैनपुर निवासी जोगिंदर उर्फ गुड्डू के रुप में हुई। इस दौरान आरोपी ने बताया कि वह शहर के बाढ़ीमाजरा में किराए का मकान लेकर रह रहा है।



**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल द्वारा गिरफ्तार किया गया वाहन चोर जोगिंद्र उर्फ गुड्डू पुलिस हिरासत में बैठा हुआ। फोटो :हरिभूमि

#### 2023 में करीब 25 बाइक चोरी की

मामले की जांच कर रहे एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के प्रभारी सुखविंद्र सिंह राणा ने बताया कि आरोपी ने प्राथमिक जांच में बताया कि उसने 2023 में करीब 25 बाइक चोरी की हैं। पुलिस ने आरोपी से अभी तक चोरी की दस मोटरसाइकिलें बरामद कर ली हैं। जबकि अन्य को बरामद किए जाने को लेकर कार्रवाई जारी है। आरोपी ने बाइकों को जिस व्यक्ति के पास बेचा है वह अभी फरार चल रहा है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विद्यार्थियों को प्रभावी बायोडाटा तैयार करने की दी जानकारी

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में बायोडाटा बिल्डिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी की कंप्यूटर लैब में मंगलवार को बायोडाटा बिल्डिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन प्लेसमेंट सेल संयोजक प्रोफेसर गौरव बरेजा के किया। जिसमें मुख्या रूप से कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी उपस्थित हुए।

प्राचार्य ने कहा कि जब नौकरी की बात आती है तो बायोडाटा सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है। एक अच्छी तरह से तैयार और जानकारीपूर्ण बायोडाटा किसी के चयन को सुनिश्चित करने में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि एक अच्छी तरह से तैयार बायोडाटा सामने वाले पर अच्छा प्रभाव डालता है। प्रोफेसर गौरव बरेजा ने कहा कि आईटी का यह युग उन लोगों के लिए वरदान है जो इसका उपयोग अपनी बेहतरी के लिए करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी ने अब आपको अपने जीवन के साथ-साथ काम को आसान बनाने के लिए कई इंटरनेट सक्षम उपकरण प्रदान किए हैं। उन्होंने अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि पहले केवल एमएस ऑफिस जैसे सॉफ्टवेयर हुआ करते थे जहां आप ऐसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को डिजाइन कर सकते थे लेकिन वहां डिजाइनिंग, आकार देने और टाइपिंग जैसे सभी कार्य आपको स्वयं करने होते थे।

लेकिन अब ऐसे एप्लिकेशन हैं जो आपको ऐसे टेम्पलेट प्रदान करता है जो आसानी से संपादन योग्य हैं और आप इससे एक प्रभावी बायोडाटा बना सकते हैं। उन्होंने छात्रों को केनवा पर ऑनलाइन उपलब्ध बायोडाटा के कई नमूने दिखाए।



**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने किया छछरौली गोशाला का निरीक्षण

- गौवंशजो की देखभाल के लिए सात लाख 68 हजार रुपये की अनुदान राशि की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने मंगलवार को छछरौली गौशाला को निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्री ने गौशाला में गोवंशों की देखभाल के लिए सात लाख 68 हजार रुपये का अनुदान किया। इस दौरान मंत्री ने गौशाला सेवा समिति के सदस्यों को प्रदेश सरकार द्वारा बनाया गया गौ सेवा आयोग द्वारा गौवंशजों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गौधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए देश और प्रदेश की सरकार कृत संकल्प है।

गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार और गौसेवा आयोग प्रभावी रूप से काम कर रहा है। सरकार द्वारा गौ सेवा आयोग के बजट में 10 गुणा बढ़ोतरी करते हुए मौजूदा बजट 400 करोड़ रुपए कर दिया है।

सरकार की सोच है कि बेसहारा गौवंश की सेवा के लिए पंचायतें गौशाला बनवाने के लिए प्रस्ताव पास करते हुए गौसेवा आयोग और पशुपालन विभाग से सम्पर्क करें, ताकि गौसेवा के लिए आमजन मानस को जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक अच्छा कानून बनाया गया है। उस मजबूत कानून की आज देश में प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से जुड़े संस्थान हमेशा आपसी सहयोग से चलते हैं, जिनके लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आकर सहयोग के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं है। हमें गौ सेवा के प्रति हमेशा तैयार रहना चाहिए।



# पशुधन किसान क्रेडिट योजना का पशुपालक उठाएं लाभ

### उपायुक्त ने पशुपालकों को योजना का लाभ लिए जाने के लिए किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के लिए पशुओं के रखरखाव के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है। जिसके तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर व मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपये तक का ऋण दिए जाने का प्रावधान है। ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। उक्त जानकारी जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर क्रियान्वित की जा रही है। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपये तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलेटरल सुरक्षा बनवा सकता है। उन्होंने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना सात प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जायेगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने स्पष्ट किया कि यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से तीन प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जाएगा। वहीं, उस पशुपालक को यह ऋण केवल चार प्रतिशत के हिसाब से चुकाना होगा। उन्होंने बताया कि सात प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अधिकतम तीन लाख रुपये तक की ऋण राशि पर केंद्र सरकार की ओर से तीन प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा। कार्ड धारक को ऋण राशि निकलवाने या खर्च करने के एक साल की अवधि के अन्दर किसी भी एक दिन लिए गए ऋण की पूरी राशि को जमा करवाना अनिवार्य है।



पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी देते हुए उपायुक्त



# सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों तक पहुंचने का बड़ा माध्यम बनी विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा

- इस यात्रा से गांव जनपद और देश विकसित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्रदेश सरकार द्वारा निकाली जा रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को रादौर विधानसभा के गांव नाचरौन, बुबका, रपौली व काजीबांस में पहुंची। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज उपस्थित हुए। इस दौरान लोगों की समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया। मुख्यातिथि ने लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से गांव जनपद और देश विकसित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई है, जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंच रही है। मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। मौके पर कई लोगों की बुढ़ापा पैंशन बनाई गई तो कई लोगों के बीपीएल कार्ड बनाए गए।



**रादौर।** यमुनानगर के गांव नाचरौन में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन करते पूर्व मंत्री। फोटो :हरिभूमि

# श्रमदान के लिए पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

समाजसेवी संदीप गर्ग की ओर से रादौर में शुरू की गई रसोई में मंगलवार को ब्राइट फ्यूचर अकादमी की टीम ने रसोई में श्रमदान किया। ब्राइट फ्यूचर अकादमी के कोच अमित चौहान के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने रसोई की सफाई की व रसोई में खाना खाने आए लगभग 500 लोगों को भरपेट खाना खिलाया।

कोच अमित चौहान ने बताया कि उनकी टीम समय-समय पर रसोई में अपनी सेवाएं देगी। वह रादौर में खेल नर्सरी के माध्यम से बच्चों को खेलों की ओर प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। जिससे बच्चे नशे से दूर होकर खेलों में अपना भविष्य बना सकें।

उल्लेखनीय है कि समाजसेवी संदीप गर्ग की ओर से रादौर में 18 दिसंबर से 5 रूपये में भरपेट भोजन देने के लिए दोपहर के समय व्यवस्था की गई है। रसोई में हर रोज लगभग 500 से अधिक लोग भरपेट खाना खा रहे हैं। जबकि शहर की समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, संत निरंकारी मिशन, पार्क एसोसिएशन, वेलफेयर एसोसिएशन व अन्य संस्थाएं रसोई की व्यवस्था संभाल रही हैं। इसके अलावा शहर की अन्य संस्थाएं भी जल्द रसोई में श्रमदान करने के लिए आगे आ रही हैं।




**यमुनानगर।** रादौर में बनी रसोई में सेवाएं प्रदान करने पहुंचे ब्राइट फ्यूचर अकादमी के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# युवाओं को सक्षम बनाने वाली शिक्षा दिया जाना जरूरी

- जगाधरी और साढ़ौरा क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि युवाओं को रोजगार में सक्षम बनाने वाली शिक्षा का दिया जाना जरूरी है। ताकि वह शिक्षा ग्रहण करने के बाद अपना स्वरोजगार कर सकें। उन्होंने मंगलवार को प्रतापनगर व छछरौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में उक्त बात कही। वहीं, साढ़ौरा क्षेत्र के तीन गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी के गांव प्रतापनगर व छछरौली में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए योजनाएं शुरु की गई हैं। जिनका लाभ उन्हें उठाना चाहिए। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया और विकसित भारत की शपथ दिलाई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उदेश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडन्ना है। इस दौरान उन्होंने विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। मौके पर खेतों में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।मौके पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने समेत अन्य गतिविधियों में अव्वल स्थान हासिल करने पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।





**यमुनानगर।** जगाधरी क्षेत्र के प्रतापनगर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओ की जानकारी देते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल व साढ़ौरा क्षेत्र में नगला खास में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह।

#### नगला खालसा, लवानी व लवाना में हुए जनसंवाद

*साढ़ौरा क्षेत्र के गांव नगला खालसा, लवानी व लवाना में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई व मौके पर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आम जन तक पंहुचते हुए लोगों को और अधिक लाभ आबंटित कर रही है। पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने संकल्प यात्रा में मौके पर सुनीता देवी, राम शरण, जगमाल व सुरजीत कौर को स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्रियां वितरित की। प्रगतिशील किसान मनजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, ईश्वर सिंह, तेग बहादुर को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह की मनजीत कौर, उषा बेगम, रामलता, आंगनवाड़ी वर्कर सुदेश रानीए ममता रानीए आशा वर्कर अमरजीत कौर, आशा रानी, सफाई कर्मचारी पूर्ण चंद को सम्मानित किया।*

# श्रीराम लाल प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व चल रहा है पूजित अक्षत वितरण कार्य

- कार्यक्रम में कस्बे के अन्य श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व पूजित अक्षत को रादौर क्षेत्र में वितरण का कार्य पूरे जोरों शोरों से चल रहा है। इस कड़ी में शिव मंदिर शास्त्री कॉलोनी की प्रबंधक कमेटी को पूजित अक्षत सौंपे गए। इससे पूर्व मंदिर परिसर में भजन कीर्तन करने के बाद पुजारी रविकांत ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत का पूजन कार्य सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के सदस्यों के अलावा कस्बे के अन्य श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया।

मंदिर कमेटी के प्रधान सुशील शर्मा व देवीदयाल अरोड़ा, मोहनलाल अरोड़ा ने पूजित अक्षत वितरण कार्य में अपनी सेवाएं दे रहे सदस्यों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। पुजारी रविकांत ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ कार्य को हम देख पा रहे हैं। अयोध्या से निमंत्रण के रूप में आए पवित्र पूजित अक्षत हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होगा। श्रीराम मंदिर के निमंत्रण के रूप में अयोध्या से पवित्र अक्षत पूरे देश में पहुंच रहे हैं। यह अक्षत संतों द्वारा वेदमंत्रों से अभिमंत्रित हैं। इन पूजित अक्षत को 15 जनवरी तक घर-घर पहुंचाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इन पूजित अक्षत के माध्यम से भगवान श्रीराम हमें एक बार अवश्य राम मंदिर आने का निमंत्रण दे रहे हैं।



**रादौर।** यमुनानगर के रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्थानीय लोग।

## खबर संक्षेप



### दीनबन्धु छोटूराम की जयंती पर किया नमन

कुरुक्षेत्र। सर छोटूराम ने हमेशा किसान और कमेरे वर्ग के हकों की आवाज उठाई और वे लगातार किसानों को उनके हकों के लिए जागरूक करते रहे। उक्त शब्द आज दीनबन्धु सर छोटूराम की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य ने कहे। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान में स्वतंत्रता सेनानी सर छोटूराम का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

### निगरानी कमेटी की बैठक 12 जनवरी को

**कुरुक्षेत्र।** जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी का आयोजन 12 जनवरी को सायं 4 बजे उपायुक्त कार्यालय कक्ष में होगी। इस बैठक में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों व गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा किए गए अत्याचारों से संबंधित केसों पर रिव्यू व विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी जिला कल्याण अधिकारी कमल धीमान ने दी है।

### कुवि के स्थापना दिवस पर हवन होगा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर 11 जनवरी गुरुवार को युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा हवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय के क्रश हॉल में प्रातः 11 बजे होने वाले हवन कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि होंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 22 को

कुरुक्षेत्र। 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर सारथी फाऊंडेशन विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। फाऊंडेशन के संयोजक अरुण मोंगा ने बताया कि पूरा देश प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भिन्न भिन्न तरीकों से मना रहा है। इस कड़ी में संस्था द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित करने का फैसला किया गया है।

34वें अखिल भारतीय डाक बास्केटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन 6 टीमों ने लिया भाग

# हरियाणा की बास्केटबॉल टीम ने लगातार जीते दो मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा आयोजित 34वें अखिल भारतीय डाक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने पंजाब को 70-55 अंकों के अंतर से पराजित कर विजय अभियान को जारी रखा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने लगातार 2 मैच जीत लिए है। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 11 जनवरी को खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा मुख्यातिथि के रुप में शिरकत करेंगे। डाक विभाग के सहायक निदेशक (तकनीकी) देवराज ने कहा कि हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा आयोजित 34वें अखिल भारतीय डाक बास्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बहु उदेश्यीय हाल में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन डाक परिमंडलों की 6 टीमों के 71 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन हरियाणा की टीम ने पंजाब को 70-55, तमिलनाडु ने गुजरात को 62-41, उड़ीसा ने पश्चिम बंगाल ने 79-55 स्कोर के अंतर से पराजित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि



कुरुक्षेत्र। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करते प्रतिभागी।

उड़ीसा की टीम ने पंजाब को 71-52, पश्चिम बंगाल ने तमिलनाडु को 83-65 और हरियाणा की टीम ने गुजरात को 95-78 स्कोर से पराजित किया।

उन्होंने कहा कि अब तक खेले गए मैचों में उड़ीसा व हरियाणा की टीम ने 2-2 मैच जीते है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल और गुजरात की टीम ने अपना एक-एक मैच जीत लिया है, जबकि पंजाब और तमिलनाडु की टीम अभी तक कोई भी मैच नहीं जीत पाई है। इस प्रतियोगिता में कुल 17 मैच खेले जाएंगे और फाइनल मुकाबला 17 जनवरी को खेला जाएगा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा विजेता टीमों को मेडल और पुरस्कार वितरित करेंगे।



कुरुक्षेत्र। विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते विक्रमजीत चीमा।

## खेल को खेल भावना से खेलें: चीमा

खिलाड़ी कभी भी हार से निराश न हों, हार व जीत खेल का एक हिस्सा है हमेशा आगे बढ़ते रहें

हरिभूमि न्यूजकुरुक्षेत्र

पिपली पंचायत समिति के चेयरमैन विक्रमजीत चीमा ने कहा है कि खिलाड़ी खेलों को खेल भावना से खेलें। युवा पढाई के साथ साथ खेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लें। खेल खेलने से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। वे गांव बीड़ मथाना में क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन पर विजेता टीम गुढा की टीम को ट्राफी व नकद पुरस्कार देने के दौरान संबोधित कर रहे थे। जेवीजी क्रिकेट क्लब की ओर से मथाना में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में 32 टीमों ने भाग लिया। गांव गुढा की टीम प्रतियोगिता में प्रथम रही। विजेता टीम को बधाई देते हुए विक्रमजीत चीमा ने कहा कि खेल खेलने से प्रतिभा का निखार होता है। देश के अनेकों ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से अपने प्रदेश व गांव का नाम रोशन किया है। ऐसे में युवाओं को खेलों के प्रति जी जान से जुट जाना चाहिए। पढाई के साथ साथ युवा खेल भी खेलें। उन्होंने कहा कि खेलों से आपसी भाईचारा भी बढता है। खिलाड़ी कभी भी हार से निराश न हों। हार व जीत खेल का एक हिस्सा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें। विक्रमजीत चीमा ने प्रतियोगिता की विजेता टीम गुढा की टीम को 21 हजार रुपये पुरस्कार के तौर पर और एक क्रिकेट किट देकर सम्मानित किया। वहीं चीमा ने युवाओं को खेल किट भी वितरित की। इस मौके पर सरपंच देवीदयाल, ब्लाक समिति के सदस्य वचन सिंह, कुलविंद्र पंच, कुलदीप सिंह, महेंद्र सिंह, हरबंस सिंह, सुरजीत सिंह व जीत सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



श्रीमद्भागवत कथा का पूजन करते डॉ सुभाष गौड़ व अन्य। 9केयूके11

### भागवत सुनने से होता कल्याण

थानेसर। लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर चल रही सेक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन फार्म में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित पवन भारद्वाज ने कहा कि शुकदेव की वंदना के बारे में वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत की अमर कथा एवं शुकदेव के जन्म का विस्तार से वर्णन किया। कैसे श्रीकृष्ण ने शुकदेव महाराज को धरती पर भेजा भागवत कथा गायन करने को ताकि कलियुग के लोगों का कल्याण हो सके। पंडित पवन भारद्वाज ने कथा वाचन करते हुए कहा कि भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं ऐसा कर्म करना जिससे दोबारा जन्म ना लेना पड़े। मानव मुट्ठी बंद करके यह संकल्प दोहराते हुए इस पृथ्वी पर जन्म लेता है। प्रभु भागवत कथा के माध्यम से मानव का यह संकल्प याद दिलाते रहते हैं। भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं।



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते सीवाईएसएस के पदाधिकारी। 9केयूके07

### गर्ल्स हॉस्टल की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पीएचडी की छात्राओं ने गर्ल्स हॉस्टल की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सीवाईएसएस से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष ने कहा कि आज सभी डिपार्टमेंट से पीएचडी कर रही हॉस्टल की छात्राओं वाइस चांसलर और डीएसडब्ल्यू का ज्ञापन सौंपा। छात्राओं ने कहा कि पीएचडी के विद्यार्थियों को भारती भवन दिया गया है जिसमे कमरे बिल्कुल छोटे-छोटे हैं और एक-एक कमरे में दो-दो छात्र रह रहे हैं, जिसकी वजह से हॉस्टल में बिल्कुल भी पढ़ाई का माहौल नहीं बनता और ना ही पढ़ने की व्यवस्था है। हॉस्टल में स्कॉलर्स के लिए कोई भी सुविधा नहीं की गई यूनिवर्सिटी प्रशासन बस फीस ही बढ़ते जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन से मांग है कि पीएचडी की सभी छात्राओं को 1 सेपरेट रूम दिया जाए जिसमें सभी छात्राएं अपनी पढ़ाई ढंग से कर सके। जल्द ही होस्टल में रह पीएचडी की छात्राओं की मांगों पर जल्दी संज्ञान ले अन्यथा 2 दिन बाद सीवाईएसएस छात्रों के साथ मिलकर वीसी ऑफिस के सामने प्रदर्शन करेगी।

## 200 डाक्टरों को किया जाएगा सम्मानित

- रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच का वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच का वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 14 जनवरी रविवार को केएस पैलेस में आयोजित किया जाएगा। केएस पैलेस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबूराम टाया ने कहा कि समारोह में अर्जुन अवार्डी बलकार सिंह पूंडरी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। अति विशिष्ठ अतिथि के तौर पर फिश फार्म विशेषज्ञ सुलतान सिंह बुटाना व शिक्षविद रघुबीर सिंह गोलन मौजूद रहेंगे। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबूराम टाया। फोटो : हरिभूमि

गुरदयाल सुनहेडी व जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्मपाल डीपी मौजूद रहेंगे। समारोह में प्रदेशभर के 200 से अधिक रोड बिरादरी के डाक्टरों को सम्मानित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में मौजूद रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच के जिलाध्यक्ष सुखबीर सिंह ने रोड बिरादरी के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में भाग लेने का आह्वान किया। कहा कि जितने अधिक लोग समारोह में पहुंचेंगे उतनी ही समाज को मजबूती मिलेगी। प्रदेशाध्यक्ष बाबूराम टाया ने बताया कि रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच हर वर्ष वार्षिक सम्मेलन में प्रतिभाशाली शख्सियतों को सम्मानित करता है। गत वर्ष खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया था। समारोह करने का उद्देश्य है कि सभी लोग आपस में मिल जुलकर समाज की भलाई के लिए विचार विमर्श करें।

### डा. अभय कांत तिवारी ने न्यूरोलॉजिस्ट का संभाला पदभार

शाहबाद। मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में डा. अभय कांत तिवारी ने बतौर न्यूरोलॉजिस्ट पदभार संभाल लिया है। इससे पहले डा. अभय कांत तिवारी भारत के अनेक हिस्सों में स्थित आर्मी के बड़े अस्पतलों में अपनी सेवाएं दी हैं। दिल्ली के आर-आर और कलकत्ता के आर्मी अस्पतालों में वह विभागाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। मंगलवार को बातचीत के दौरान डा. अभय कांत तिवारी ने जहां ब्रेन से सम्बंधित बीमारियों को लेकर चर्चा की वहीं आदेश में न्यूरोलॉजिस्ट व न्यूरोसर्जरी के तहत किये जा रहे उपचार के बारे में जानकारी दी। डा. अभय कांत तिवारी ने कहा कि जब किसी व्यक्ति को तनाव रहता है।

## मांगों को लेकर 12 को बनेगी रणनीति

- ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन पदाधिकारियों ने बैठक में मांगों बारे किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 1947 की कोर कमेटी की बैठक कुरुक्षेत्र कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में महाप्रबंधक को पूर्व में दिए हुए मांग पत्र पर विचार में विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन मुद्दों को लेकर 12 जनवरी 2024 को पिहोवा सब डिपो यूनियन कार्यालय में 11 बजे कार्यकर्ता की मीटिंग बुलाकर आगामी फैसला लिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से कौशल रोजगार योजना के तहत लगे कर्मचारी का वेतन समय पर



कुरुक्षेत्र। मांगों बारे विचार विमर्श करते यूनियन के पदाधिकारी। 9केयूके05

न मिलने से कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों की बकाया एचटीसी जल्द दी जाए, वर्दी भत्ता जल्दी दिया जाए, चपरासियों का बकाया साबुन दिया जाए, चालकों व परिचालकों का कई महीनो का और टाइम बकाया पड़ा है उसको भी तुरंत दिया जाए और मुख्यालय द्वारा 8 महीने पहले कुछ चालकों की वेतन विसंगति दूर करने के बारे में दिशा निर्देश दिए गए थे लेकिन कुरुक्षेत्र डिपो में अभी उन आदेशों पर कोई अमल नहीं हुआ। मीटिंग में वरिष्ठ राज्य उप प्रधान मायाराम उनियाल, राज्य प्रेस प्रवक्ता बलदेव सिंह मामूमाजरा, प्रधान नरेंद्र पांचाल, विनोद शर्मा, जितेंद्र शर्मा, टिंकू कुमार, भोपाल सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अक्षत और निमंत्रण घर-घर पहुंचा रहे रामभक्त

**कुरुक्षेत्र।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोग बहुत उत्साहित हैं जहां राम भक्त और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता घर-घर जाकर निमंत्रण और पीले अक्षत लोगों को दे रहे हैं तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं बन पा रहा। अयोध्या से आए पवित्र अक्षतों को घर-घर पहुंचने वाले रामसेवकों में जितना उत्साह है उतना ही उत्साह उन्हें प्राप्त करने वाले लोगों में देखा जा रहा है। उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब रामसेवक पवित्र अक्षत को लेकर घर पहुंच रहे हैं तो राम भक्तों का भव्य स्वागत किया जा रहा है। कहीं पुष्प वर्षा करके तो कहीं मिठाइयों के साथ स्वागत किया जा रहा है। ऐसा ही नजारा आज कुरुक्षेत्र के वार्ड नंबर 28 के कल्याण नगर शांति नगर में देखने को मिला भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता जब घर-घर जाकर के भगवान राम का निमंत्रण और पीले अक्षत लोगों को दे रहे थे लोगों का उत्साह देखते बनता था।

### शिविर में लोगों को दी कानून की जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत और जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के दिशा निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 जनवरी से जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन जागरुकता शिविरों का आयोजन 31 जनवरी तक लगातार किया जाएगा। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा नालसा और हालसा की विभिन्न स्कीमों पर आमजन को जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी तनुज कुमार द्वारा गांव कलाल माजरा में लोगों को जागरुक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए।

## 18 छात्रों के सहायक जिला न्यायवादी बनने पर जश्न

- कुवि के विधि संकाय के 18 विद्यार्थी हरियाणा में सहायक जिला न्यायवादी हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संकाय के 18 विद्यार्थियों का हरियाणा में सहायक जिला न्यायवादी के चयनित होने पर विधि संकाय सहित विश्वविद्यालय प्रांगण में खुशी का माहौल है। मंगलवार को सभी चयनित सहायक जिला न्यायवादी विधि संकाय के अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में प्रो. अमित लूदरी के मार्गदर्शन में विभाग के अध्यापकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा भी



मौजूद थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी चयनित विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विधि संकाय के चयनित विद्यार्थी न्याय के क्षेत्र में पूरी लगन व मेहनत से कार्य करें और समाज में लोगां को न्याय दिलवाने का कार्य करें। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. महाबीर सिंह, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. मनजिंदर गुलियानी, डॉ. मोनिका, डॉ. पूनम शर्मा, ईशू कम्बोज, डॉ. सुनील भारती मौजूद थे।



### नगर पालिका कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों ने सागर इकाई प्रधान की अध्यक्षता में गेट मीटिंग की व संचालन सुनील कुमार इकाई सचिव ने किया। मीटिंग को जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ओमप्रकाश व राज्य उप प्रधान नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सुभाष गुस्सर ने संयुक्त रूप से बताया कि रेगुलराइजेशन की नीति बनवाने, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, कौशल रोजगार निगम को समाप्त करवाने, लाखों खाली पड़े पदों को पक्की भर्ती द्वारा भरे जाने, सभी विभागों में सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां दूर करवाने, आरक्षित श्रेणियों का बैकलॉक पूरा करवाने, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करवानें, सरकारी विभागों के निजीकरण को बंद करवाने के साथ साथ पटवारियों के आंदोलन, नगरपालिका कर्मचारी संघ के आंदोलन, मकैनिकल वर्कर यूनियन रजि नं 41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आंदोलन, ग्रामीण सफाई कर्मचारीयों के आंदोलन के साथ साथ प्री योजनाओं में लगे आशा वर्कर, मिड-डे-मील व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को पक्का करने जैसी मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 4 फरवरी 2024 को नई अनाज मंडी के सामने रोहतक में बड़ी आक्रोश रैली करेगा।

### कैडेट्स को जीवन में आगे बढ़ने के दिए टिप्स

**पिहोवा।** डीएवी कॉलेज पिहोवा की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय शिवर के चौथे दिन का शुभारंभ प्रार्थना और योगा अभ्यास के साथ किया गया। इसके उपरांत प्रातः कालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांयकालीन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर आशीष चक्रपाणि, नगर पालिका अध्यक्ष पिहोवा, प्रेस क्लब के प्रधान किशोर शर्मा, अभिषेक पूर्णिमा, संजीव बंसल व अनिल बागड़ी रहे। उन्होंने अपने उच्च विचारों से बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और नैतिक शिक्षा के बारे में बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर लोगों की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।



### बैंक मित्र प्रशिक्षार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**कुरुक्षेत्र।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खेड़ी मारकंडा में बैंक सखी के 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। आरसेटी के निदेशक राय सिंह द्वारा 27 सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। निदेशक द्वारा सभी को प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर जल्दी अपना बैंक सखी अथवा कॉमन सर्विस सेंटर प्रारंभ करने के लिए शुभ कामनाएं दी व एक सफल उद्यमी होने की कामना की और सभी महिलाओं को जिला कुरुक्षेत्र के बाकी बेरोजगार युवाओं को भी आरसेटी मे प्रशिक्षण लेने के लिए जानकारी देने व प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक मोहित शर्मा व बंटी सैनी ने स्वयं सहायता समूह की बैंक मित्र की ट्रेनिंग प्राप्त कॉमन सर्विस सेंटर आई.डी. की इच्छुक महिलाओं को रजिस्ट्रेशन का प्रोसेस बताया। उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन की तरफ से आई.डी. व पासवर्ड बन जाने पर बायोमेट्रिक डिवाइस निशुल्क प्रदान की जाती है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों का कर रही है विकास : संदीप

# जनसंवाद कर लोगों को बताई सरकारी योजनाएं

- लोगों को 2047 तक भारत देश को विकसित देश बनाने में अपना योगदान देने की शपथ भी दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने भ्रमण को तकरीबन पूरा करने की कगार पर है। यह केवल एक नाम मात्र की मुहीम नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा बनाई गई



जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक उनके घर द्वार पर पंहुचाने का ऐसा कार्य था, जो केवल इसी सरकार द्वारा पूरा किया गया। वे मंगलवार को नगरपालिका पिहोवा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में शहरी वर्ग के लोगों की समस्याएं सुनते हुए बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इसके अतिरिक्त उन्होंने उपस्थित जनसमूह को 2047 तक भारत देश को विकसित देश बनाने में अपना योगदान देने की शपथ भी दिलाई। राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उपमंडल पिहोवा व इस्माईलाबाद की लगभग सभी पंचायतों को पूरा कर चुकी हैं। कुछ पंचायतें अभी शेष रहती हैं, जो जल्द पूरी कर ली जाएंगी। राज्यमंत्री संदीप सिंह विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के लोगों की जरुरतों का ध्यान रखा जा रहा है तथा उनकी प्रत्येक समस्या को सुलझाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, उप-प्रधान दर्शना रानी, प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, पार्षद रविकांत कौशिक, जयपाल कौशिक, गगन टांक, दीपक अत्री, प्रवीन कुमार, नगरपालिका सचिव मोहन लाल, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी सहित भारी संख्या में शहरी वर्ग के लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गांव अधोया में चल रहा सात दिवसीय कैंप संपन्न

**बराड़ा।** गांव अधोया में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय 'राष्ट्रीय सेवा योजना' शिविर का समापन हो गया। प्रभारी डॉ बलवंत सिंह तथा कंप्यूटर अध्यापक पवन पराशर ने मुख्य अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएस के जिला कोऑर्डिनेटर विजय कुमार पांडे और शिक्षा खंड कार्यालय बराडा से बीआरपी वीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रवक्ता सुरिंदर कुमार, कप्तान सिंह,स्टाफ सदस्य सहित भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### बुनियादी सुविधाएं दे रही सरकारः राजेश

**नारायणगढ़।** जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।लाडी मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान गांव डैहर तथा नन्हेड़ा में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

### पन्नू को जल्द भारत लाया जाएः शांडिल्य

**अंबाला।** एंटी टेरॅरिस्ट फ्रंट के प्रवक्ता एवं जम्मू कश्मीर के प्रभारी व जन सेवा संघ के प्रधान दीपक शांडिल्य ने कहा है की 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्रण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने मुस्लिम समाज को भड़काने के लिए एक वीडियो जारी अमृतसर से अयोध्या तक के सभी एयरपोर्ट बंद करने की धमकी व भारतीय मुस्लिम समुदाय को श्री राम मंदिर कार्यक्रम से पहले भड़काने के लिए वीडियो जारी किया है। शांडिल्य ने कहा की भारत एक शांतिपूर्ण देश है।

### गांव पतरेहड़ी तथा प्रैल में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को किया संबोधित

# विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यकः सुरेंद्र राणा

पीने के पानी की शुद्धता जांचने के लिए ग्रामीणों को 22 किट वितरित की ग्रामीणों को पशुओं की बीमारियों से जुड़ी दवाएं उपलब्ध करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने कहा कि हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। जो भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है उन्हें योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश में आमजन के कार्य आसानी से हो रहे हैं। सरकार ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। राणा मंगलवार को गांव पतरेहड़ी तथा प्रैल में आयोजित विकसति भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी का सहयोग बेहद आवश्यक है।





**शहजादपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का अवलोकन करते पूर्व जिप चेयरमैन व गोदभराई करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### घर बैठे मिल रहा लाभ

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों पहुंचाने के लिए परिवार पहचान पत्र को क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है।उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई हुई है।

#### प्रधानमंत्री का संदेश सुना

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को बड़ी एलईडी के जरिए सुना और देखा गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान आज देश में व हरियाणा के विकास की कहानी को एक संक्षिप्त फिल्म के जरिए दिखाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम वासियों को विभाग द्वारा चलाई जाने वाली स्कीमों बारे तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में होने वाली गतिविधियों बारे बताया गया। पोषण अभियान के तहत लोगों को मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करने बारे जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल पर लोगों को अपने भोजन में मोटे अनाज जैसे की बाजरा, ज्वार, रागी को शामिल करने बारे प्रोत्साहित किया गया।

#### ये रहे मौजूद

गर्भवती महिला की गोद भराई की रस्म की गई। गोद भराई में हरी पत्तेदार सब्जियां डाली गई। स्वास्थय विभाग की 240 ओपीडी तथा आयुष विभाग की 125 ओपीडी हुई। बीपीएल कार्ड संबंधी 8 लाभ पात्रों की व वृद्धावस्था पेंशन सम्बंधी 2 लोगों की तथा उज्जवला योजना का लाभ लेने से सम्बंधी 1 महिला पात्र लाभार्थीयों की जरूरी औपचारिकताएं पूरी की गई, आयुष्मान कार्ड 5 बनाए गए।जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी की शुद्धता जांचने के लिए 22 किट वितरित की गई। पशुपालन विभाग द्वारा 22 पशुपालकों को पशुओं की बीमारियों से जुड़ी दवाइयां दी। इस अवसर पर बीडीपीओ नेहा शर्मा, डीएनटी बोर्ड के सदस्य अशोक पाल, सरपंच गुरशरण कौर, कंवरपाल, सरपंच जितेंद्र कुमार, महामंत्री विक्रम राणा व लक्की गोंदी, रामकरण सैनी, वेदांत श्र्मा, गोल्डी राणा, रामपाल, गुलशन, पैक्स डायरेक्टर नीलम कुमार, दीदार सिंह, संजय सैनी, सोमपाल राणा, सुनील मेहता, अमित राणा, संदीप शर्मा, संजय मेहता, पंच मनीष, श्याम लाल, पूर्व सरपंच रामकुमार, तथा सोनू धमौली भी मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव बिल्ला में ग्रामीणों ने किया स्वागत

- विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के दौरान विभिन्न विभाग एक ही छत के नीचे लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का दिया जा रहा लाभ : मेयर कुलभूषण गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद का आज गांव बिल्ला पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने नगर निगम महापौर श्री कुलभूषण गोयल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजिता मेहता भी उपस्थित थी। इस मौके पर कुलभूषण गोयल ने राजकीय उच्च विद्यालय में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक लाभार्थी को धैर्यपूर्वक सुने और उसकी समस्या का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करें। इसके अलावा नए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गांवों को शहरों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है ताकि लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं गांवों में ही उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की सोच है कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खंडे अंतिम व्यक्ति तक पंहुचे।

#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर गोयल ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलवाई और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट किए। इसके उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद गांव खंगेसरा में प्रवेश कर गई जहां ग्रामीणों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता अजय पंघाल, पार्षद सतबीर चैधरी, बरवाला मंडलाध्यक्ष गौतम राणा, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मारपीट के आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

- विज ने अपने आवास पर प्रदेशभर से आए सैकड़ों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने विवाहिता की शिकायत पर संज्ञान लेते मारपीट करने वाले पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश पानीपत के एसपी को दिए। विज मंगलवार अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। पानीपत से आई विवाहिता ने बताया कि 25 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। अब उसका पति उसके साथ तथा बेटे के साथ मारपीट करता है। उसे घर से निकालने पर मजबूर किया जा रहा है। विवाहिता ने पति द्वारा मारपीट करते हुए की वीडियो भी मंत्री को दिखाई। इस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए एसपी पानीपत को फोन कर कार्रवाई के निर्देश दिए। करनाल से आए फरियादी ने बताया कि गत दिनों उसके भाई की मारपीट के बाद मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में पहले हत्या का केस दर्ज किया था, मगर अभी तक मामले में लिप्त आरोपियों को पकड़ा नहीं जा सका है। एसपी करनाल से इस केस की स्टेट्स रिपोर्ट तलब की। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार जींद से आए फरियादी ने बताया कि उसके भाई की हत्या कुछ माह पूर्व हुई थी। इस मामले में पुलिस ने कुछ आरोपी गिरफ्तार किए जबकि मुख्य आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। उन्होंने पुलिस पर ढुलमुल कार्रवाई के आरोप लगाए। इस मामले में जींद एसपी से कार्रवाई रिपोर्ट तलब की। सोनीपत से आए फरियादी ने बताया कि उसने एक ट्रक खरीदा था जोकि अपने दोस्त के नाम से लिया गया था। सारा पैसा उसने स्वयं दिया, मगर अब उसका दोस्त दगाबाजी करते हुए न ट्रक उसको दे रहा है और न ही पैसे वापिस कर रहा है। विज ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए। हिसार से आई युवती ने बताया कि उसे स्टडी वीजा पर कनाडा भेजने के नाम पर एजेंट ने उससे 9.50 लाख रुपए की ठगी की। उसके फर्जी कागजात बनवाए गए। जब उन्हें इस बात का पता चला, तो उन्होंने पैसे वापस मांगे मगर न तो उसे पैसे दिए गए और न ही विदेश भेजा गया। एसआईटी को जांच के निर्देश दिए। इस अवसर पर अंबाला रेंज के आईजी शिबास कबिराज, डीएसपी आशीष चौधरी, ईओ जरनैल सिंह आदि मौजूद रहे।



**अंबाला।** विज आवास के बाहर लगी फरियादियों की लाइनें। फोटो : हरिभूमि

## हादसे रोकने के लिए हाईवे पर ब्लैकस्पॉट को खत्म करें

- एडीसी ने रोड सेफ्टी की मीटिंग में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने मंगलवार को सडक़ सुरक्षा समिति के तहत अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट, रोड सेफ्टी ऑडिट, ऑटोमेटिक चालक लाइसेंस सेंटर स्थापित करने बारे, स्कूल वाहन पॉलिसी के साथ-साथ अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पिछली मीटिंग के एजेंडे पर भी बातचीत की। आरटीओ सुशील कुमार ने एंजेडें के माध्यम से तमाम बिंदुओं पर रिपोर्ट दी। उन्होंने रोड़ एजेंसी को जहां पर भी जरुरत हो सडक़ पर सफेद पट्टी लगाने के आदेश दिए। इसके साथ-साथ अवैध खनन व ओवर लोडिंग के तहत नारायणगढ-रायपुररानी रोड़ व कक्कड़माजरा के नजदीक रात के समय रेगुलर चैकिंग करने के भी निर्देश दिए ताकि इन गतिविधियों पर भी लगाम लगाई जा सके। उन्होंने काला अंब-बलदेवनगर रोड़ पर जरुरत अनुसार सडक़ रिपेयर करने को भी कहा। उसे भी दो सप्ताह के अंदर करने के निर्देश दिए। नगर निगम व नगर परिषद के अधिकारियों को बेसहारा पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर संबंधी पट्टी लगाने के आदेश दिए। धुंध के मौसम को देखते हुए यह कार्य किए जाने बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि धुंध के मौसम को देखते हुए यातायात नियमों का पालन करें। सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

## विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई

- केंद्र व राज्य सरकार जरुरतमंद लोगों की सरकार : पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा मंगलवार को गांव फड़ौली, कोटकछुआ कलां, मिर्जापुर-धुराली व औजलां पहुंची। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजबीर बराड़ा ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। हर वर्ग के लिए योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। यही यात्रा को निकाले जाने का उद्देश्य है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सपने एवं संकल्प को हमें मिलकर पूरा करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा को लेकर सभी में उत्साह व जोश है। देश व प्रदेश में जनहित के लिए जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। उन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर में बैठे योग्य व्यक्ति को मिले इसके लिए सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किए जा रहें हैं। यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो व्यक्ति जिस योजना के तहत पात्र हैं, यदि किसी कारणवश उसे योजना का लाभ नहीं मिला है तो उसे योजना का लाभ दिलवाना हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे आम जन को भी जागरूक करना हैं। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने धारा 370 को तोडक़र भारत को एक करने का काम किया है।

अब पूरे देश में एक झंडा व एक संविधान है। जम्मू-कश्मीर में भी अमन व शांति का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी जनहित की सरकार है और सभी वर्गों के हितों के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार व घोटालों का बोलबाला था, सभी इससे परिचित हैं।



**अंबाला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगे स्टालों का अवलोकन करते पूर्व विधायक व शपथ लेते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## सीमा ने दूसरे वर्ष भी 600 में से 500 अंक प्राप्त किए

- 54वर्ष की आयु में आईटीआई से सिलाई कढ़ाई कोर्स पास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

समाजसेवी संस्था जीवन मुक्त निशुल्क की अध्यक्ष सीमा पसरीचा ने 54वर्ष की आयु में आईटीआई से नियमित सिलाई कढ़ाई कोर्स पास कर महिलाओं के लिए एक मिसाल कायम की है। सीमा ने कोर्स के दूसरे साल भी 600 में से 500 अंक प्राप्त किए हैं । सीमा पसरीचा ने 52 वर्ष की आयु में आईटीआई में सिलाई कढ़ाई कोर्स में दाखिला लिया और नियमित रूप से अपनी कक्षाएं लगाई। पसरीचा ने बताया कि वह हमेशा से ही सिलाई कढ़ाई के क्षेत्र में काम करना चाहती थी लेकिन कोई सर्टिफिकेट न होने की वजह से कहीं आवेदन नहीं कर पा रही थी। उन्होंने बताया कि आईटीआई में एडमिशन का समय आने पर उन्होंने समाज सेवी संस्था जीवन मुक्त निशुल्क विद्यालय के पदाधिकारियों के सहयोग से संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत की। जहां से उन्हें 52 वर्ष की आयु में सिलाई कोर्स में दाखिले की अनुमति मिली। सीमा पसरीचा उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं जिनकी शिक्षा किसी न किसी कारण से अधूरी रह गई है। या जो महिलाएं घर की आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाहती हैं।



सीमा पसरीचा

### 19 दिन में दस हजार किलोमीटर का सफर पूरा

## कार से तय किया जर्मनी से बराड़ा तक का सफर

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

यहां का युवक जर्मनी से इंडिया तक हजारों किलोमीटर का सफर कार से तय करके लगभग 19 दिन बाद इंडिया पहुंचा। जर्मनी से इंडिया तक की कार यात्रा की चर्चा हर ओर हो रही है। धर्मेंद्र सिंह मुल्तानी (45) ने अपनी यात्रा वृतांत 'मुल्तानी मेरा सफर यात्रा' के बारे में बताया कि वह जर्मनी से 13 नवंबर 2023 को अपने दोस्त भूपेंद्र सिंह लवली (पाकिस्तान) के साथ चला। उन्होंने मीडिया को बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा जर्मनी के शहर मैगडेबर्ग से 13 नवंबर से शुरू की। इस यात्रा के दौरान उन्होंने 13 देशों जर्मनी, ईरान, पाकिस्तान, सर्बिया, रशिया, जार्जिया, चेक रिपब्लिक, स्लोवाकिया, हंगरी, तुर्की समेत कई देशों के बॉर्डर पार किए। इसके बाद वह 26 नवंबर 2023 को पाकिस्तान में स्थित ननकाना साहिब में पहुंचे। उन्होंने यात्रा तय किया था कि ननकाना साहिब में श्री गुरू नानक देव जी के जन्म दिहाड़े के अवसर पर पहुंचेंगे। वहां से दर्शन कर वह इंडिया के लिए निकलेंगे।




**बराड़ा।** यात्रा के दौरान लिए गए फोटो।

#### रास्ते में कई प्रकार की आई कठिनाइयां

धर्मेंद्र व भूपेंद्र को इस यात्रा के दौरान कई जगहों पर परेशानियां भी आई। धर्मेंद्र ने बताया कि उन्हें हर देश के अंदर एंट्री करते ही वहां की संस्कृति, रहन-सहन व खान-पान से जहां रूबरू होने का मौका मिला लेकिन वहां की भाषा से अनजान होने पर उन्हें कई प्रकार की परेशानियां भी आई। ईरान में तो उनकी गाड़ी में गलती से डीजल की जगह पेट्रोल डल गया जिसके बाद गाड़ी को रिपयेर तक करना पड़ा। इसी प्रकार ईरान, तुर्की आदि कई देशों में उन्हें ऐसे परेशानियां आई लेकिन फिर भी उनकी यात्रा उनके लिए काफी मंनोरजक रही। 10 हजार किलोमीटर की इस यात्रा का खर्च लगभग पांच लाख रूपये आया। 13 नवंबर से शुरू होकर वह अब बराड़ा में पहुंचे। इस यात्रा के लिए वह पिछले लगभग अढ़ाई साल से प्लानिंग कर रहे थे।

## खतौली 15.83 लाख रुपये की लागत से 75 स्ट्रीट लाइटों से गांव जगमग

- गृहमंत्री अनिल विज ने खुद लाइटों का स्विच ऑन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांव खतौली में 15.83 लाख रुपये की लागत से 75 स्ट्रीट लाईटों से पूरा गांव जगमग हो गया। गृहमंत्री अनिल विज ने स्विच ऑन किया। इसके लिए ग्रामवासियों ने विज का आभार व्यक्त किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर विज का ग्रामीणों ने पुष्प माला पहनाकर व फुलों की वर्षा कर अभिनंदन भी किया। इस मौके पर ग्रामीणों को इन लाईटों की सौगात मिलने पर बधाई देते कहा कि पूरे गांव में इन स्ट्रीट लाईटों के लगने से गांव की सुंदरता और बढ़ेगी। लाखों की लागत से लाइटों को लगाने का काम किया गया है। कहा कि इन लाईटों के लगने से रात के समय में लोगों के आवागमन में सुगमता होगी। पहले भी गांवों में जो भी विकास कार्य उनके संज्ञान में लाए गए है उन्हें करवाने का काम किया है। कहा कि गांव खतौली के साथ-साथ गांव जनैतपुर व टुंडली में स्ट्रीट लाईटों की सौगात जल्द ही ग्रामवासियों को मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005